भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *199**

जिसका उत्तर 12 मार्च, 2025 को दिया जाना है

21 फाल्गुन, 1946 (शक)

## तेलंगाना में सेमीकंडक्टर मिशन

***199. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम** :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान देश में स्थानवार कुल कितनी सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयां स्थापित की गई हैं;

(ख) क्या केंद्र सरकार ने तेलंगाना में सेमीकंडक्टर मिशन के आरंभ के लिए तेलंगाना सरकार के अनुरोध पर विचार किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत तेलंगाना में एक एफएबी और दो ओएसएटी परियोजनाओं सहित तीन नई परियोजनाओं के अनुमोदन की स्थिति क्या है;

(घ) आज की तारीख तक आईएसएम के लिए राज्यवार विशेषकर तेलंगाना हेतु कितनी धनराशि आवंटित और संवितरित की गई है; और

(ड.) तेलंगाना की तैयारी और सक्रिय संप्रेषण के बावजूद राज्य में ऐसी परियोजनाओं में विलंब या इनके इनकार एवं अभी भी लंबित होने, यदि ऐसा है तो, के क्या कारण हैं?

उत्तर

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क)** से **(ड.)**: एक विवरण-पत्र सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

**'तेलंगाना में सेमीकंडक्टर मिशन' के संबंध में दिनांक 12.03.2025 को लोक सभा में पूंछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *199 के उत्तर में उल्लिखित विवरण पत्र**

**..........**

**(क):** सरकार ने देश में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए 76,000 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम को मंजूरी दी है, जिसके तहत निम्नलिखित का प्रावधान किया गया है:

i. भारत में सिलिकॉन कॉम्प्लिमेंट्री मेटल-ऑक्साइड-सेमीकंडक्टर (सीएमओएस) आधारित सेमीकंडक्टर फैब्स की स्थापना के लिए परियोजना लागत के 50% के बराबर *समान आधार* पर राजकोषीय सहायता।
ii. भारत में डिस्प्ले फैब की स्थापना के लिए *समान आधार* पर परियोजना लागत के 50% के बराबर राजकोषीय सहायता।
iii. भारत में कम्पाउंड सेमीकंडक्टर / सिलिकॉन फोटोनिक्स (एसआईपीएच)/सेंसर (माइक्रो-इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम सहित) फैब/डिस्क्रीट सेमीकंडक्टर फैब और सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी)/आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट (ओएसएटी) सुविधाओं की स्थापना के लिए पूंजीगत व्यय के 50% के बराबर की राजकोषीय सहायता।
iv. प्रति आवेदन 15 करोड़ रुपए की सीमा के अध्यधीन पात्र व्यय के 50% तक की उत्पाद डिजाइन संबद्ध प्रोत्साहन राशि के साथ साथ चिप डिजाइन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति आवेदन 30 करोड़ रुपए की अधिकतम सीमा के अध्यधीन 5 वर्षों में शुद्ध बिक्री कारोबार के 6% से 4% तक की "नियोजन संबद्ध प्रोत्साहन राशि" भी दी जाएगी।

सरकार ने कार्यकुशलता और चक्र समय बढ़ाने के लिए सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला, मोहाली के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दे दी है।

सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत , पिछले तीन वर्ष के दौरान, सरकार ने लगभग 1,52,000 करोड़ रुपए के संचयी निवेश से पाँच (5) सेमीकंडक्टर विनिर्माण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसमें गुजरात राज्य में चार और असम राज्य में एक परियोजना शामिल है।

**(ख):** भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत देश में सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की जाती है। इसमें किसी भी राज्य में सेमीकंडक्टर मिशन स्थापित करने का कोई प्रावधान नहीं है। राज्य अपने स्वयं के सेमीकंडक्टर मिशन स्थापित करने के लिए स्वतंत्र हैं।

**(ग):** ये प्रस्ताव वर्तमान में मूल्यांकन और अनुमोदन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। इसके अलावा, तेलंगाना राज्य में डिज़ाइन संबद्ध प्रोतसाहन (डीएलआई) योजना के तहत वित्तीय सहायता के लिए 3 प्रस्ताव और ईडीए टूल एक्सेस सहायता के लिए 9 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त, तेलंगाना राज्य में चिप टू स्टार्टअप (सी2एस) कार्यक्रम के तहत 7 संस्थानों/विश्वविद्यालयों को मंजूरी दी गई है। तेलंगाना राज्य में डीएलआई और सी2एस कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों की सूची अनुलग्नक में दी गई है।

**(घ):** अब तक 5 अनुमोदित विनिर्माण परियोजनाओं के लिए 60,269 करोड़ रुपए की राशि के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

**(ङ.):** तकनीकी-वित्तीय सलाहकार समूह (टीएफएजी), जो तकनीकी और वित्तीय पहलुओं से प्रस्तावों की जांच करता है, द्वारा जांच के बाद अनुमोदन दिया जाता है। इसके अलावा, आवेदनों पर आगे की आवश्यक कार्रवाई आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रासंगिक दस्तावेज़ों जैसे प्रौद्योगिकी टाई अप समझौते, ऑफटेक समझौते, वित्तीय समापन से संबंधित दस्तावेज़ आदि पर भी निर्भर करती है।

******

**अनुलग्नक**

**तेलंगाना राज्य में सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम की डिजाइन संबद्ध प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए लाभार्थियों की सूची**

1. ग्रीन पीएमयू सेमी प्राइवेट लिमिटेड
2. वाईसिग नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड
3. मॉसचिप टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड

**तेलंगाना राज्य में सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम की डिजाइन संबद्ध प्रोत्साहन योजना के तहत ईडीए टूल सहायता के लिए लाभार्थियों की सूची**

1 ग्रीन पीएमयू सेमी प्राइवेट लिमिटेड
2 वाईसिग नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड
3 धेयो एआई प्राइवेट लिमिटेड
4 एएमपीआईसीक्यू प्राइवेट लिमिटेड
5 बिटसिलिका प्राइवेट लिमिटेड
6 मंजीरा डिजिटल सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
7 स्पिनट्रॉनिक्स एआई सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड
8 स्मार्टकोश टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
9 वीकनेक्टेक सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड

**तेलंगाना राज्य में चिप्स-टू-स्टार्ट (सी2एस) कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों की सूची**

1. हैदराबाद विश्वविद्यालय
2. अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद
3. यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद
4. चैतन्य भारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
5. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद
6. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल
7. जेएनटीयूएच यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग हैदराबाद

******